# J. SINGH COMPETITION ACADEMY

"आनो भद्राः कृतवो यन्तु विश्वतः"
"Let Noble thoughs come to you from all sides"
Amaha house civil lines Boda bag Road, Rewa (M.P)
Mob.9329249957

Time:- 1 : 00 **प्राचीन भारतीय इतिहास** **पूर्णांक :–100**

## (टेस्ट पेपर – 1)

1. वैदिक साहित्य के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन असत्य है
   a वेदो के संकलनकर्त्ता कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास को माना जाता है
   b वेदो से ही आर्यो के विषय में प्रारंभिक जानकारी मिलती है
   c वैदिक धर्म ग्रथों को ब्राम्हण धर्म ग्रंथ भी कहा जाता है
   d वैदिक साहित्य में ब्राम्हण धर्म ग्रंथ, जैन एवं बौद्ध धर्म ग्रथों को सामिल किया जाता है
2. गोपथ ब्राम्हण निम्न में से किस वेद से संबंधित है
   a ऋग्वेद
   b यजुर्वेद
   c सामवेद
   d अथर्ववेद
3. सैंधव सभ्यता को माना जाता है
   a आद्य ऐतिहासिक कालीन
   b प्रागैतिहासिक कालीन
   c ऐतिहासिक कालीन
   d उपरोक्त में से कोई नही
4. निम्न में से कौन सा अभिलेख और संबंधित शासक सुमेलित नही है
   a समुद्रगुप्त – प्रयाग प्रशस्ति
   b खारवेल – हाथी गुम्फा अभिलेख
   c स्कंद गुप्त – गिरनार अभिलेख
   d राजा भोज – ग्वालियर प्रशस्ति
5. भारत में सर्वप्रथम लेख युक्त सिक्के निम्न में से किन शासको ने जारी किए
   a कुषाण शासक
   b हिन्द यूनानी शासक
   c गुप्त शासक
   d सातवाहन शासक
6. यूनानी राजा मिनांडर और बौद्ध भिक्षु नागसेन की दार्शनिक वार्तालाप का संकलन निम्न में से किस बौद्ध ग्रंथ में मिलता है
   a त्रिपिटक
   b जातक कथा
   c मिलिन्दपन्हो
   d अंगुत्तर निकाय
7. निम्न में से किस ग्रंथ की रचना पुष्यमित्र शुंग के काल में हुयी
   a अर्थशास्त्र
   b नीतिसार
   c अष्टाध्यायी
   d महाभाष्य
8. 'इण्डिका' नामक पुस्तक के लेखक है
   a टालमी
   b प्लीनी
   c मेगास्थनीज
   d हेरोडोटस

J.singh competition academy rewa

9. मानव द्वारा आग का अविष्कार निम्न में से किस काल में कया गया
a पुरा पाषाण काल
b मध्य पाषाण काल
c नव पाषाण काल
d ताम्र पाषाण काल

10. मिस्र की प्राचीन सभ्यता के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन असत्य है
a मिस्र की प्राचीन सभ्यता ताम्र युग में अपने चर्मोत्कर्ष पर थी
b मिस्र की प्राचीन सभ्यता के शासको को 'पेर–ओ' कहा जाता था
c प्राचीन मिस्र सभ्यता के निवासियो को शल्य क्रिया का ज्ञान था
d मिस्र सभ्यता के निवासी लेखन कला से परिचित थे इनकी लिपि 'हेरोग्लिफिक' कहलाती है

11. सैंधव सभ्यता में सबसे उत्तर में स्थित स्थल निम्न में से कौन सा है
a सुत्कागेन्डोर
b माण्डा
c आलमगीरपुर
d दयमाबाद

12. निम्न मे से किस सैंधव कालीन स्थल से पशुपति (शिव) की आकृति की मोहर मिली है
a हडप्पा
b मोहन जोदडो
c लोथल
d कालीबंगा

13. सिंधु घाटी सभ्यता के पतन के कारक के रूप में निम्न में से किसने नदी मार्ग परिवर्तन को माना है
a व्हीलर महोदय
b जान मार्शल
c कैनेडी
d डेल्स

14. ऋग्वेद में सर्वाधिक बार उल्लेख निम्न में से किस नदी का किया गया है
a सरस्वती
b सिंधु
c गंगा
d यमुना

15. निम्न में से कौन सा कथन ऋग्वैदिक काल के संबंध में असत्य है
a दसराज्ञ युद्ध का उल्लेख ऋग्वेद के 7 वें मण्डल में किया गया है
b ऋग्वेद में उल्लेखित जन का मुखिया राजन होता था
c ऋग्वैदिक काल के प्रमुख देवता प्रजापति थे
d ऋग्वैदिक कबीले के लोग स्वेच्छा से बलि नाम का कर देते थे

16. ऋग्वैदिक काल में वनस्पतियों के देवता निम्न में से कौन थे ?
a द्यौ
b सोम
c अश्विन
d मारुत

17. आश्रम व्यवस्था का स्पष्ट उल्लेख निम्न मे से किस ग्रथ में मिलता है
a मैत्रायणी संहिता
b जाबालोपनिषद
c मुण्डक उपनिषद
d ऐतरेय ब्राम्हण

18. निम्न मे से किस वेद में सभा एवं समिति को प्रजापति की दो पुत्रियां कहा गया है

J.singh competition academy rewa

a ऋग्वेद b सामदेव
c यजुर्वेद d अथर्ववेद

19. जैन धर्म के 24 वें तीर्थकर महावीर स्वामी का प्रतीक है
a सांड b सांप
c कलश d सिंह

20. जैन धर्म के पाँच महाव्रतो में महावीर स्वामी द्वारा जोडा गया 5 वाँ महाव्रत निम्न में से कौन सा है
a अपरिग्रह b अस्तेय
c ब्रम्हचर्य d अहिंसा

21. महावीर स्वामी को निम्न में से किस वृक्ष के नीचे कैवल्य (ज्ञान) की प्राप्ति हुई थी
a वटवृक्ष b साल
c पीपल d चन्दन

22. प्रथम जैन संगीति का आयोजन निम्न में से किस स्थल पर हुआ था ?
a कुण्डलग्राम b पावापुरी
c पाटलिपुत्र d बल्लभी

23. निम्न में से किस मौर्य वंशी शासक ने 'कायाक्लेश' के माध्यम से शरीर त्याग किया था
a चन्द्रगुप्त मौर्य b बिन्दुसार
c अशोक d ब्रहद्रथ

24. महात्मा बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के पश्चात अपना प्रथम उपदेश निम्न में से स्थान पर दिया था
a बोधगया b सारनाथ
c श्रावस्ती d लुम्बनी

25. बुद्ध सांसारिक दुखों के संबंध में कुल कितने आर्य सत्यों का उपदेश दिया है
a 3 b 4
c 8 d 10

26. निम्न में से किस बौद्ध संगीति में मतभेद उत्पन्न हो जाने के कारण बौद्ध धर्म स्थापिर एवं महासांधिक दो भागों में विभाजित हो गया
a प्रथम बौद्ध संगीति b द्वितीय बौद्ध संगीति
c तृतीय बौद्ध संगीति d चतुर्थ बौद्ध संगीति

27. निम्न मे से कौन सा कथन गौतम बुद्ध के संबंध में असत्य है
a देवदत्त बुद्ध का चचेरा भाई था जो बुद्ध के जीवन काल में संघ प्रमुख बनना चाहता था
b भारतीय कला में बुद्ध के जीवन से संबंधित प्रथम उपदेश का चित्रण 'मृग सहित चक्र' द्वारा किया गया है।
c बोधि गया ऋजुपालिका नदी के तट पर स्थित है
d वर्षाकाल में 4 माह बौद्ध धर्म प्रचार बंद रहता था और इस समय पवरन नामक समारोह आयोजित होता था

J.singh competition academy reva

28. भागवत धर्म के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है

a भागवत धर्म से संबंधित प्रथम अभिलेख विदिशा का हेलियोडोरस का गरुण स्तंभ है
b भागवत धर्म के विकास में सर्वाधिक योगदान गुप्त शासको का रहा
c भागवत धर्म के प्रवर्त्तक भगवान कृष्ण थे जो जैन तीर्थकर अरिष्टनेमि के समकालीन माने जाते है
d उपरोक्त सभी

29. निम्न में से कौन सा सुमेलित नही है

a विशिष्ट द्वौतवाद – रामानुज
b द्वौतवाद – माधव
c शुद्ध द्वौतवाद – विष्णु स्वामी
d द्वैताद्वैतवाद – रामानंद

30. गोदावरी नदी के तट पर स्थित महाजनपद निम्न में से कौन सा था

a आवन्ति
b अश्मक
c मत्स्य
d शूरसेन

31. मगध में हर्यक वंश का संस्थापक था

a बिन्दुसार
b बिम्बसार
c अजातशत्रु
d उदायिन

32. 326 ई. पू. में सिकन्दर के आक्रमण के समय मगध का शासक निम्न में से कौन था

a कालाशोक
b महापद्मनंद
c धननंद
d पोरस

33. निम्न में से कौन सा कथन चंद्रगुप्त मौर्य के संबंध में असत्य है

a विशाखदत्त द्वारा रचित मुद्राराक्षस में चंद्रगुप्त मौर्य के संबंध में विस्तृत जानकारी मिलती है
b 305 ई. पू. में यूनानी शासक सेल्यूकस और चंद्रगुप्त के मध्य युद्ध हुआ जिसमें चंद्रगुप्त पराजित हुआ
c विलियम जोन्स चंद्रगुप्त मौर्य की पहचान सैंड्रोकोट्टस के रूप में की
d सेल्यूकस ने अपना राजदूत मेगास्थनीज चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार भेजा

34. चंद्रगुप्त मौर्य के प्रधानमंत्री निम्न में से कौन थे

a चाणक्य
b मेगास्थनीज
c राधागुप्त
d डाइमेकस

35. अशोक के निम्न में से किस अभिलेख में उसका नाम उल्लेखित है

1 मास्की 2 गुर्जरा 3 नेत्तूर 4 उडेगोल

a केवल 1 सही है
b 1,2 सही है
c 1,2,3 सही है
d 1,2,3,4 सही है

36. अशोक के निम्न में से किस अभिलेख में करनीति की स्पष्ट जानकारी मिलती है

a सोहगौरा अभिलेख
b रूम्मिनदेयी अभिलेख
c शाहबाजगढी अभिलेख
d तक्षशिला अभिलेख

37. अशोक के किस स्तंभ लेख में कलिंग युद्ध का वर्णन एवं अशोक के हृदय परिवर्तन

J.singh competition academy rewa

का उल्लेख है

a प्रथम शिलालेख b पाँचवे शिलालेख
c ग्यारहवां शिलालेख d तेरहवां शिलालेख

38. कौटिल्य के अर्थशास्त्र के अनुसार गुप्तचर को मौर्यकाल में निम्न में से किस नाम से जाना जाता है

a राजुक b गूढ पुरूष
c महामात्य d इनमें से कोई नही

39. सम्राट अशोक के सारनाथ स्तंभ अभिलेख जिसे भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में स्वीकार किया गया है। में निर्मित चक्र में कुल कितनी तीलियां (अरते) निर्मित की गई थी

a 22 b 24
c 32 d 36

40. अशोक के अभिलेखो को पढने में सबसे पहले सफलता निम्न में से किसे मिली थी

a जेम्स प्रिंसेप b पैट्रोदी फैन्थेलर
c हरप्रसाद शास्त्री d रोमिला थापर

41. पाटलिपुत्र शहर का संस्थापक निम्न में से कौन सा शासक था

a ब्रहदृथ b बिम्बसार
c उदयिन d शिशुनाग

42. सिकन्दर निम्न में से किस यूनानी दार्शनिक का शिष्य था

a शुकरात b प्लेटो
c अरस्तु d फिलिप

43. सम्राट अशोक के कलिंग पर आक्रमण के समय कलिंग का शासक था

a धनानंद b महापद्मनंद
c खारवेल d नंदराज

44. निम्न में से कौन सा कथन शुंग वंश के संबंध में असत्य है

a शुंग वंश की स्थापना 185 ई. पूर्व में पुष्यमित्र शुंग द्वारा की गई थी
b शुंग शासको की राजधानी पाटलिपुत्र थी
c कालिदास क प्रसिद्ध नाटक मालविकाग्निमित्रम् का नायक अग्निमित्र शुंग वंशी शासक था
d शुंगवंशी शासक भागभद्र के समय यमन राजदूत हेलियोडोरस गरुण ध्वज की स्थापना करवाया

45. सातवाहन शासको की राजधानी थी

a विदिशा b प्रतिष्ठान
c पाटलिपुत्र d उपरोक्त में से कोई नही

46. निम्न में से किस सातवाहन वंशी शासक को 'त्रि समुद्र तोय पिता वाहन' कहा गया है

a सिमूक b वशिष्ठीपुत्र पुलवामी
c गौतमीपुत्र सातकर्णी d यज्ञश्री सातकर्णी

J.singh competition academy rewa

47. निम्न में से किन शासको ने ब्राम्हणों एवं बौद्ध भिक्षुओ को सर्वप्रथम कर मुक्त भूमि दान देने की प्रथा प्रारंभ की

a शुंग शाशक b सातवाहन शासक

c गुप्त शासक d वाकाटक

48. निम्नखिखित विदेशी आक्रमणकारियों में भारत में सबसे पहले आक्रमण निम्न में से किसने किया

a हिन्द यूनानी b शक

c पहलव d कुषाण

49. निम्न में से किस ग्रथ को बौद्ध धर्म का विश्वकोष कहा जाता है

a बुद्धचरित b महाविभाषासूत्र

c माध्यमिकसूत्र d स्वप्नवासवदत्तम्

50. विक्रम संवत निम्न में से किस वर्ष प्रारंभ हुआ

a 57 ई. पूर्व b 57 ई

c 78 ई. पूर्व d 78 ई

51. निम्न में से कौन सा कथन कनिष्क के संबंध में असत्य है

a कनिष्क कुषाण वंश का संस्थापक था b कनिष्क की राजधानी पुरुषपुर या पेशावर थी

c कनिष्क चीन पर आक्रमण कर चीन के तात्कालिक हन राजवंश के सेनापति पान्चाओं की विशाल सेना को पराजित किया d कनिष्क बौद्ध धर्म की महायान शाखा का अनुयायी था

52. निम्न में से किस गुप्त शासक के समय चीनी यात्री 'फाहियान' भारत की यात्रा पर आया

a श्रीगुप्त b चंद्रगुप्त प्रथम

c समुद्रगुप्त d चंद्रगुप्त द्वितीय

53. निम्न में से किस गुप्त शासक को भारत का नेपोलियन कहा जाता है

a श्रीगुप्त b चंद्रगुप्त प्रथम

c चंद्रगुप्त द्वितीय d समुद्रगुप्त

54. गुप्तकाल में स्वर्ण मुद्राओं को निम्न में से किस नाम से जाना जाता था

a कषार्पण b दीनार

c निष्क d रूपक

55. सती प्रथा का प्रथम साक्ष्य माना जाने वाला एरण अभिलेख निम्न में से किस गुप्त शासक ने उत्कीर्ण करवाया था

a समुद्रगुप्त b चंद्रगुप्त द्वितीय

c भानुगुप्त d कुमारगुप्त

56. निम्न मे से कौन सा गुप्त कालीन मंदिर मध्यप्रदेश के जबलपुर में स्थित है

a देवगढ दशावतार मंदिर b भूमरा शिव मंदिर

c तिगवां विष्णु मंदिर d खोह शिव मंदिर

J.singh competition academy rewa

57. निम्न में से कौन सा महाकवि कालिदास द्वारा लिखित महाकाव्य है
   a रघुवंशम  b विक्रमोर्वशीयम
   c मेघदूत  d ऋतुसंहार
58. निम्न में से किसका संबंध गुप्त कालीन कला से नही है
   a अजन्ता की गुफा  b गांधार कला में मूर्ति निर्माण का प्रारंभ
   c मंदिरो में शिखर निर्माण कला का प्रारंभ  d बाघ की गुफाएं
59. पंचतंत्र के लेखक है
   a विष्णुगुप्त  b विष्णुशर्मा
   c आर्यभट्ट  d वराहमिहिर
60. निम्न में से किस गुप्तवंशी शासक ने शकों को भारत में अंतिम रूप से पराजित किया
   a समुद्रगुप्त  b चंद्रगुप्त प्रथम
   c रामगुप्त  d चंद्रगुप्त द्वितीय
61. निम्न में से कौन सा पुष्यभूति वंश से संबंधित शासक नही है
   a प्रभाकर वर्धन  b हर्ष वर्धन
   c राज्य वर्धन  d शशांक
62. चालुक्य नरेश पुलकेशिन द्वितीय निम्न में से किस शासक को ताप्ती नदी के किनारे पराजित किया था
   a राज्यवर्धन  b हर्षवर्धन
   c नरसिंह वर्मन  d शशांक
63. निम्न में से कौन सी रचना हर्ष वर्धन की है
   a हर्षचरित  b कादम्बरी
   c राजतरंगिणी  d प्रियदर्शिका
64. गिरनार पर्वत पर स्थित सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार निम्न में से किस गुप्तवंशी शासक ने करवाया था
   a स्कंदगुप्त  b चंद्रगुप्त द्वितीय
   c समुद्रगुप्त  d भानुगुप्त
65. निम्न में से किस पल्लव शासक के शासनकाल में महाबलीपुरम के सप्तरथ मंदिरो का निर्माण हुआ था
   a महेन्द्रवर्मन प्रथम  b नरसिंह वर्मन प्रथम
   c नरसिंह वर्मन द्वितीय  d अपराजित
66. याज्ञवल्क्य स्मृति पर मीताक्षरा नामक टीका निम्न में से किसने लिखा था
   a विज्ञानेश्वर  b विल्हण
   c रविकृत्य  d महेन्द्रवर्मन प्रथम
67. कन्नौज पर अधिकार करने हेतु त्रिपक्षीय संघर्ष में सर्वप्रथम किस राष्ट्रकूट वंशीय शासक ने भाग लिया

J singh competition academy rewa

a दन्तिदुर्ग b कृष्ण प्रथम
c ध्रुव d गोविन्द तृतीय

68. निम्न में से किस गुर्जर प्रतिहार वंशी शासक के समय महमूद गजनवी कन्नौज पर आक्रमण किया
a नागभट्ट प्रथम b वत्सराज
c महेन्द्रपाल d राज्यपाल

69. विक्रमशिला विश्वविद्यालय का संस्थापक था
a गोपाल b धर्मपाल
c देवपाल d कुमारगुप्त

70. कन्नौज पर अधिकार प्राप्त करने के लिए त्रिपक्षीय संघर्ष में निम्न में से किस राजवंश ने भाग नही लिया
a गुर्जर प्रतिहार वंश b पालवंश
c राष्ट्रकूट वंश d चालुक्य वंश

71. राष्ट्रकूट शासकों की राजधानी थी
a मान्यखेत b त्रिपुरी
c मुंगेर d वातापी

72. आजमेर शहर की स्थापना निम्न में से किसने किया था
a अनंगपाल b जयचंद्र
c अजयपाल d पृथ्वीराज तृतीय

73. चंदेल वंश का संस्थापक था
a नन्नुक b यशोवर्मन
c विद्याधर d परमर्दिदेव

74. आबू पर्वत के प्रसिद्ध दिलवाडा जैन मंदिर का निर्माण करवाया था
a मूलराज प्रथम b भीम प्रथम
c विमल d लवण प्रसाद

75. कल्हण ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ राजतरंगिणी की रचना कश्मीर के किस शासक के समय में किया था
a जयसिंह b जैनुलआबदीन
c रानी दिद्दा d ललितादित्य मुक्तपीड

76. अपनी विजयो के उपलक्ष में चित्तौड में विजय स्तंभ (कीर्ति स्तंभ) का निर्माण करवाया था ?
a राणा सांगा b राणा कुंभा
c महाराणा प्रताप d महाराणा उदयसिंह

77. रुद्रमादेवी निम्न में से किस वंश की शासिका थी
a उत्पल वंश b गंग वंश
c काकतीय वंश d पाल वंश

J.singh competition academy rewa

78. चोल राजवंश का राजकीय चिन्ह था

a बाघ b मत्स्य
c धनुष d गरुण

79. निम्न में से किस चोल शासक ने लौह एवं रक्त की नीति का पालन करते हुए राजराज की उपाधि धारण किया

a धर्मपाल कुट्टवन b करिकाल
c ओरिमेलि वर्मन d राजेन्द्र प्रथम

80. चोल काल में प्रान्तों को निम्न में से किस नाम से जाना जाता था

a नाड़ू b कोट्टम
c मण्डलम् d कुर्रम

81. निम्न में से किस दक्षिण भारतीय राज्य में उत्तम ग्राम प्रशासन था

a चेर b चालुक्य
c चोल d पाड्य

82 तिब्बत को आर्यो का मूल निवास स्थान निम्न में से किसने माना है

a मैक्समूलर b दयानंद सरस्वती
c गार्डन चाइल्ड d बालगंगाधर तिलक

83. 'न्याय दर्शन' के प्रवर्तक निम्न में से कौन थे

a चार्वाक b गौतम
c कपिल d जैमिनी

84 गायत्री मंत्र के रचनाकार थे

a महर्षि कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास b बालमीकी
c विश्वामित्र d तुलसीदास

85 चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन निम्न मे से किस स्थान पर हुआ

a राजगृह b वैशाली
c कुण्डलवन d पाटलिपुत्र

86 निम्न में से कौन सा चीनी यात्री हर्षवर्धन के समय भारत यात्रा पर आया

a फाहियान b ह्वेनशांग
c इत्सिंग d शायुंगन

87 निम्न मे से कौन सा पाषाण कालीन स्थल मध्यप्रदेश में स्थित है

a आदमगढ b बुर्जहोम
c महदहा d इनमें से कोई नही

88 निम्न में से कौन सा व्याकरण ग्रन्थ है

a मुण्डक b अष्टाध्यायी
c निघण्टु d पिंगलशास्त्र

89 निम्न मे से किस पुराण में सातवाहन वंश के संबंध में जानकारी मिलती है

a मत्स्य पुराण b विष्णु पुराण

J.singh competition academy rewa

c वायु पुराण d गरुण पुराण

90 जैन तीर्थकरो की जीवनी निम्न में से किस जैन साहित्य में मिलती है

a अचरांग सूत्र b भगवती सूत्र

c कल्पसूत्र d नायाधम्म कहा

91 मानव द्वारा निम्न में से किसका अविष्कार सर्वप्रथम किया गया

a कुल्हाडी b बर्तन

c आग d पहिया

92 निम्न में से किस हडप्पा कालीन स्थल से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले है

a रोपड b लोथल

c कालीबंगा d मोहनजोदडो

93 आर्य भारत में निम्न मे से किस स्थल को सर्वप्रथम अपना निवास स्थान बनाया

a सप्त सैंधव प्रदेश b ब्रम्हावर्त

c मध्यप्रदेश d आर्यावर्त

94 बौद्व संघ में सामिल होने वाली प्रथम महिला निम्न में से कौन थी

a यशोधरा b आम्रपाली

c प्रजापति गौतमी d महामाया

95 भरहूत स्तूप की खोज निम्न में से किसने किया था

a जेम्स प्रिसेप b अलेक्जेंडर कनिंघम

c टीफेन्थेलर d जान मार्शल

96 कश्मीर में राज्य करने वाले राजवंशों में से किस राजवंश का क्रम सबसे पहले आता है

a कार्कोट वंश b उत्पल वंश

c लोहार वंश d वर्मन वंश

97 'सि–यू–की' निम्न में से किसकी रचना है

a फाह्यान b संयुगन

c हवेनशांग d इत्सिंग

98. सिंधु सभ्यता को जानने का सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोत है

a मोहरें b लिपि

c मंदिर d पुरातात्विक खुदाई

99 मानव द्वारा प्रयोग की गई प्रथम धातु निम्न में से कौन सी है

a कांसा b टिन

c तांबा d लोहा

100 निम्न में से किस वैदिक कालीन नदी का नाम आधुनिक नदी के नाम से सुमेलित नही है

a गंडक – सदानीरा b अस्किनी – चिनाब

c वितस्ता – व्यास d परुषणी – रावी

J.singh competition academy rewa

J.singh competition academy rewa